NSW Health

ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) टीका (वैक्सीन)

अभिभावक सूचना पत्रक

ऑस्ट्रेलियाई सरकार राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम (नेशनल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम, NIP) के तहत किशोरों के लिए कुछ टीके नि:शुल्क उपलब्ध कराती है।

प्रश्न. HPV क्या है, और यह कैसे फैलता है?

HPV (ह्यूमन पेपिलोमावायरस) एक आम वायरस है जो पुरुषों और महिलाओं को प्रभावित करता है। यह वायरस से संक्रमित व्यक्ति के साथ सेक्स करने के दौरान जननांग संपर्क के माध्यम से फैलता है। वायरस त्वचा में छोटी दरारों के माध्यम से प्रवेश करता है और रक्त या शरीर के अन्य तरल पदार्थों के माध्यम से नहीं फैलता है। कंडोम सीमित सुरक्षा प्रदान करते हैं क्योंकि वे जननांगों की संपूर्ण त्वचा को नहीं ढकते हैं।

HPV के सभी प्रकार लक्षण पैदा नहीं करते हैं। HPV से संक्रमित बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि वे इससे संक्रमित हैं।

HPV के कुछ प्रकारों से शरीर पर मस्से हो जाते हैं, जिनमें जननांग क्षेत्र (योनीमुख, योनि, गर्भाशय ग्रीवा, लिंग, अंडकोश, गुदा और पेरिनेम) शामिल हैं। मस्से आमतौर पर दर्द रहित होते हैं लेकिन इनमें खुजली हो सकती है या इनसे असहज महसूस हो सकता है। इन प्रकारों को "कम जोखिम" कहा जाता है क्योंकि वे कैंसर का कारण नहीं बनते हैं।

HPV के अन्य प्रकार, जिन्हें "उच्च जोखिम" कहा जाता है, वे असामान्य कोशिकाओं के बढ़ने का कारण बन सकते हैं। इलाज न किए जाने की स्थिति में ये कोशिकाएँ कैंसर में बदल सकती हैं।

उच्च जोखिम वाले HPV निम्नलिखित का कारण बनते हैं:

- **लगभग सभी सर्विकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर**
- **90% गुदा कैंसर**
- **78% योनि कैंसर**
- **60% गले का कैंसर**
- **25% वल्वा (योनिमुख) कैंसर**
- **50% पेनाइल कैंसर।**

पुरुषों का टीकाकरण करवाने से पुरुषों में कैंसर और मस्से होने की रोकथाम होती है और महिलाओं को सर्विकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से सुरक्षा देने में मदद मिलती है।

प्रश्न. टीके (वैक्सीन) कैसे काम करते हैं?

टीके आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमणों से लड़ने में मदद करते हैं। यदि वह व्यक्ति जिसका टीकाकरण हुआ हो, वह इन संक्रमणों के संपर्क में आता है, तो उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली इससे बेहतर तरीके से लड़ सकती है, जिससे या तो बीमारी को विकसित होने से रोका जा सकता है या बीमारी को कम गंभीर बनाया जा सकता है।

प्रश्न. किस टीके (वैक्सीन) का प्रयोग किया जाएगा?

HPV वैक्सीन 9 प्रकार के HPV से सुरक्षा देता है: 6, 11, 16, 18, 31, 33, 45, 52 और 58।

प्रश्न. HPV वैक्सीन की कितनी खुराकों की आवश्यकता होती है?

शोध से पता चलता है कि HPV वैक्सीन की एक खुराक दो खुराकों के समान सुरक्षा देती है। इसके आधार पर, ऑस्ट्रेलिया अब एक-खुराक अनुसूची (वन-डोज़ शेड्यूल) का उपयोग करता है।

कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले कुछ किशोरों को तीन खुराकों की आवश्यकता होती है। उन्हें पहली खुराक के 2 महीने बाद दूसरी खुराक और दूसरी के 4 महीने बाद तीसरी खुराक दी जानी चाहिए।

कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में वे लोग शामिल हैं जो निम्नलिखित रोग से ग्रस्त होते हैं:

- **प्रतिरक्षा प्रणाली के विकारों से**
- **HIV से**
- **कैंसर से**
- **जिन्होंने अंग प्रत्यारोपण करवाया होता है**
- **ऑटोइम्युन रोग**
- **जो स्ट्रांग इम्यूनोस्प्रेसिव थेरेपी करवा रहे हैं (लेकिन जिनमें प्लीहा [स्पलीन] से जुड़ी समस्याएँ नहीं हों)।**

प्रश्न. उस स्थिति में क्या होता है यदि मेरी संतान को पहले ही एक खुराक मिल चुकी हो?

यदि आपकी संतान को पहले ही एक खुराक मिल चुकी हो, तो उन्हें दूसरी खुराक की आवश्यकता नहीं है। उनका पूर्ण टीकाकरण हो गया है।

जिन महिलाओं को टीका लग चुका है, उन्हें अभी भी नियमित सर्विकल (गर्भाशय ग्रीवा) स्क्रीनिंग (जिसे पहले पैप स्मीयर कहा जाता है) की आवश्यकता होती है। HPV वैक्सीन सभी प्रकार के HPV से सुरक्षा प्रदान नहीं करता है। 25+ आयु वर्ग की महिलाओं को हर 5 साल में सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना चाहिए, भले ही उन्हें टीका लगाया गया हो।

प्रश्न. HPV का टीका किसे लगवाना चाहिए?

कक्षा 7 के सभी छात्रों या 12 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों को HPV वैक्सीन की एक खुराक दी जानी चाहिए।

प्रश्न. HPV का टीका किसे नहीं लगवाना चाहिए?

HPV का टीका उन लोगों को नहीं लगाया जाना चाहिए:

- **जो गर्भवती हैं या जिन्हें लगता है कि हो सकता है कि वे गर्भवती हैं**
- **जिन्हें HPV की पिछली वैक्सीन या इसके अवयवों से गंभीर एलर्जी-संबंधी प्रतिक्रिया (एनाफिलेक्सिस) हो चुकी हो**
- **जिन्हें खमीर से एलर्जी हो।**

प्रश्न. HPV का टीका (वैक्सीन) कितना प्रभावी है?

HPV वैक्सीन उच्च जोखिम वाले ऐसे HPV प्रकारों से सुरक्षा देता है जो महिलाओं में 90% से अधिक सर्विकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर का कारण बनते हैं। यह अन्य प्रकार के HPV से भी सुरक्षा देता है जो पुरुषों में कैंसर का कारण बनते हैं।

अध्ययनों से पता चलता है कि वैक्सीन (टीके) टीकाकरण के 10+ साल बाद भी लगभग 100% सुरक्षा प्रदान करते हैं। जब से टीका कार्यक्रम शुरू हुआ है, तब से:

- **टीकाकृत आयु समूहों में 50% कम उच्च श्रेणी की सर्विकल (ग्रीवा) असामान्यताएँ हुई हैं**
- **21 वर्ष से कम आयु के युवाओं में जननांग मस्सों के 90% कम मामले हुए हैं।**

सर्वाइकल कैंसर 10+ वर्षों में विकसित होता है, इसलिए सर्वाइकल कैंसर की दरों पर वैक्सीन का पूरा प्रभाव दिखने में समय लगेगा। राष्ट्रीय गर्भाशय ग्रीवा स्क्रीनिंग कार्यक्रम (1991 में शुरू) और HPV वैक्सीन कार्यक्रम (2007 में शुरू) होने के कारण सर्विकल (गर्भाशय ग्रीवा) के कैंसर की दर पहले ही काफी कम हो गई है।

प्रश्न. HPV के टीके (वैक्सीन) में क्या होता है?

HPV वैक्सीन में खमीर, एल्यूमीनियम सहायक, सोडियम क्लोराइड, एल-हिस्टिडाइन, पॉलीसॉर्बेट और सोडियम बोरेट शामिल हैं। इन्हें वैक्सीन के कारगर होने में मदद करने या इसे संरक्षित करने के लिए छोटी मात्राओं में मिलाया जाता है।

प्रश्न. टीके कितने सुरक्षित हैं?

ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल होने वाले टीके सुरक्षित हैं। चिकित्सीय माल प्रशासन (Therapeutic Goods Administration, TGA) द्वारा अनुमोदन किए जाने से पहले उन्हें कड़ी जांच से गुजरना पड़ता है। TGA उपयोग के बाद भी वैक्सीन सुरक्षा की निगरानी करता है।

प्रश्न. HPV टीके (वैक्सीन) के दुष्प्रभाव (साइड इफेक्ट्स) क्या हैं?

दुष्प्रभाव आमतौर पर हल्के होते हैं, जैसे कि सुई लगाए जाने के स्थान पर दर्द, सूजन, या लालिमा। ये आमतौर पर कुछ दिनों में दूर हो जाते हैं। गंभीर दुष्प्रभाव बहुत दुर्लभ हैं।

दुष्प्रभावों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर उपभोक्ता दवाएँ जानकारी (Consumer Medicines Information, CMI) देखें।

यदि आप दुष्प्रभावों के बारे में चिंतित हैं, तो अपने जीपी से संपर्क करें। वे स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई को दुष्प्रभावों की रिपोर्ट भी कर सकते हैं।

प्रश्न. एनाफिलेक्सिस क्या है?

एनाफिलेक्सिस एक गंभीर एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया है जो जल्दी इलाज न करवाने की स्थिति में बेहोशी या मृत्यु का कारण बन सकती है। टीकाकरण के बाद यह बहुत दुर्लभ है। एनाफिलेक्सिस के होने पर वैक्सीन प्रदाताओं को इसका इलाज करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।